पंजाब केसरी 18/05/2025



गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में ऑडिटिंग एवं कम्प्यूटेशन विषय पर आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते मुख्य वक्ता।

गाधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में ऑडिटिंग एवं कम्प्यूटेशन पर हुई कार्यशाला

# उद्योग जगत की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार हों विद्यार्थी : डा. सुरेंद्र

## विद्यार्थियों को दिए व्यावसायिक जगत से जुड़े महत्वपूर्ण टिप्स

अम्बाला, 17 मई (बलराम): छावनी के गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के वाणिज्य विभाग द्वारा शनिवार को ऑडिटिंग एवं कम्प्यूटेशन विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला ब्लेंडेड मोड (ऑनलाइन एवं ऑफलाइन) में आयोजित की गई।

कार्यशाला के मुख्य वक्ता डा. सुरेंद्र कुमार ने विद्यार्थियों को व्यावसायिक जगत से जुड़े टिप्स देते हुए ऑडिटिंग की कार्यप्रणाली, वित्तीय लेखा परीक्षण की चुनौतियां एवं कम्प्यूटेशन की आधुनिक तकनीकों पर व्याख्यान दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को उद्योग जगत की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार होने की प्रेरणा दी।

कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कार्यशाला को विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी बताते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम से परे व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करते हैं, जो उनके करियर में सहायक सिद्ध होते हैं। कार्यक्रम में कॉमर्स विभाग की सहायक प्रोफैसर रीतिका और जस्मिता हांडा प्रमुख रूप से उपस्थित रहीं।